# रणजीत टाइम्स

RNI - NO. MPHIN/2015/64585

वर्ष- 11 अंक - 53 साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 11 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रू.




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रयागराज में त्रिपथगामिनी माँ गंगा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर देश वासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## आयुक्त का कड़ा रुख जांच में दोषी पाए गए तो एफ आई आर कर जेल भेज दूंगा

रणजीत टाइम्स

### 2 सहायक राजस्व अधिकारी सस्पेंड और 2 को शोकज नोटिस

आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज समीक्षा बैठक केदौरान संपत्ति कर में गड़बड़ी करने पर दो सहायक राजस्व अधिकारी सस्पेंड और कम वसूली पर दो को शोकज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री वर्मा द्वारा आज राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान यह संज्ञान में आने पर की जोन क्रमांक 16 के सहायक राजस्व अधिकारी राजेश परमार एवं जोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी वैभव डांगी द्वारा संपत्ति कर असेसमेंट में गड़बड़ी कर कम टैक्स लिया गया जिस पर दोनों को निलंबित कर जांच करने के निर्देश दिए क्रोधित हुए आयुक्त ने यहां तक कह दिया कि जांच में गड़बड़ी मिलने पर एफ आई आर कराऊंगा और जेल भेज दूंगा। इसी प्रकार वसूली कम पाए जाने पर जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी गौरव बछोनिया और जोन क्रमांक 20 के सहायक राजस्व अधिकारी सचिन गावद को शोकज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## कुमार गौतम का नया गाना "बापू सेवालाल" 11 फरवरी को होगा रिलीज़




सेवालाल जयंती के अवसर पर कुमार गौतम और नायक म्यूजिक कंपनी का नया गाना "बापू सेवालाल" 11 फरवरी को रिलीज होगा। इस गाने के गायन की जिम्मेदारी राज नायक ने संभाली है, जबकि गाने का निर्देशन अमित गौतम ने किया है। गाने में देसी कलाकार हैरी और अंशिका मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस गाने का शूट विष्ठान में किया गया, और इसमें मंशा जी महाराज आभापुरी धाम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। "बापू सेवालाल" गाना सेवालाल जयंती को समर्पित है, और इस अवसर पर रिलीज होने के कारण इस गाने को विशेष महत्व प्राप्त होगा।

## सिंधिया ने महाविद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**दैनिक रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी)गत दिवस क्षेत्रीय सांसद तथा भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर अनावरण किया गया! इसके साथ ही महाविद्यालय जनभागीदार समिति के अध्यक्ष तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित पढ़ेरिया (शंकरभैया) द्वारा श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया को महाराज छत्रसाल की स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया !इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केशव सिंह जाटव, डॉ.एस.एस.गौतम, राघवेंद्र दुबे ( राघव बिल्डर्स पिछोर)सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं जनभागीदार समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे !

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

# शिवपुरी कोतवाली पुलिस द्वारा छेडखानी एवं मारपीट करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर असामाजिक तत्त्वों को चेताया

**दैनिक रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

दिनांक 09.02.25 को ग्वालियर वायपास पर संध्या ग्रीन व्यू के सामने पैट्रं पंप के पास तीन व्यक्तियों द्वारा एक बालिका के साथ छेडखानी की एवं उसके चाचा द्वारा समझाने पर उसके साथ गाली गलोच एवं मारपीट कर भाग गये। फरियादिया द्वारा थाने पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसपर से अपराध कमांक 89/25 धारा 75,78,296,115 (2), 3 (5) बीएनएस एवं 11 (i), 11 (iv)/12 एक्ट कायम किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड द्वारा आरोपीगणों को गिर. करने हेतु आदेशित किया गया। जो अति. पुलिस अधीक्षक मह संजय मूले एवं एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड द्वारा आरोपीगणों की सीघ्र गिर. हेतु टीम गठित की गई जो टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये वायरल वीडियों की जांच कर एवं शहर के सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालते हुये एवं मुखविर तंत्र के आधार पर दिनांक 10.02.25 को आरोपीगणों का पता कर उनकी लोकेशन पर शक्तिपुरम खुडा की प्राप्त कर



टीम रवाना हुई जो आरोपीगण असामाजिक प्रवृत्ति के होने से वहां पर भी आसपास के लोगों से गाली गलोच कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे , पुलिस द्वारा मौके पर ही आरोपी तोहित खांन पुत्र राजू खांन उम्र 19 साल निवासी इन्द्रा कालोनी, 2. इरफान उर्फ फैजान खांन पुत्र सिराज खांन उम्र 19 साल निवासी इन्द्रा कालोनी शिवपुरी एवं राजा शाक्य पुत्र बल्लू शाक्य उम्र 19 साल निवासी कमलागंज शिवपुरी को कमशः इस्त.क. 10,11,12/25 धारा 170 बीएनएस के तहत गिर कर आरोपीगणों को माननीय एसडीएम न्यायालय शिवपुरी में पेश किया गया।

## सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली कृपाल सिंह राठौड, टीआई रत्नेश यादव थाना प्रभारी देहात, टीआई नवीन यादव थाना प्रभारी फिजीकल, प्रआर. 15 रघुवीर पाल, प्रआर. 562 जानकीलाल प्रआर० 790 देवेन्द्र पाराशर, प्रआर. 54 योगेश राठौड, आर. 631 अजय यादव, आर. 248 भोला राजावत, आर. 767 अजीत राजावत, आर. 528 महेन्द्र सिंह तोमर, आर. 161 सोमवीर की विशेष भूमिका रही।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रसिद्ध कॉमेडी कलाकार कपिल शर्मा ने आत्मीय भेंट की

# मंदी का दौर

## बाज़ार में गिरावट कब रुकेगी?

**संपादकीय | रणजीत टाइम्स**

भारतीय शेयर बाजार में इन दिनों लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। निवेशकों के लिए यह चिंता का विषय बनता जा रहा है कि आखिर यह मंदी कब तक चलेगी और इसमें सुधार की उम्मीद कब तक की जा सकती है

### क्या हैं गिरावट के मुख्य कारण?

1 अमेरिकी नीतियों का प्रभाव – अमेरिकी टैरिफ और डॉलर की मजबूती ने भारतीय बाजार पर दबाव बनाया है।

2 विदेशी निवेशकों की बिकवाली – बड़े स्तर पर विदेशी निवेशक अपनी पूंजी निकाल रहे हैं।

3 कमजोर कॉर्पोरेट नतीजे – कई कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कम आए हैं।

4 चीन की 'डीपसीक' एआई का असर – तकनीकी क्षेत्र में वैश्विक उथल-पुथल का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है।

5 घरेलू आर्थिक नीतियों की अस्पष्टता – आगामी बजट 2025 को लेकर भी निवेशकों में असमंजस है।

### मंदी कब हटेगी?

विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार



में यह गिरावट कुछ समय तक जारी रह सकती है। बजट 2025, अमेरिकी नीतियों, और वैश्विक बाजारों की स्थिति में स्पष्टता आने के बाद ही सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

निवेशकों के लिए क्या रणनीति होनी चाहिए?

घबराने की बजाय मजबूत कंपनियों में निवेश करें।

लंबी अवधि की योजना बनाकर निवेश करें।

बाजार में किसी भी बड़े फैसले से पहले वित्तीय सलाहकारों से परामर्श लें।

रणजीत टाइम्स की सलाह– बाजार में मंदी के दौर को एक अवसर की तरह लें और समझदारी से निवेश करें।

सही रणनीति के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि हर मंदी के बाद तेजी का दौर आता ही है!

# सूने घरों में नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले 03 शातिर नकबजन, पुलिस थाना एरोड्रम की गिरफ्त में

## आरोपियों द्वारा क्षेत्र में की गई कई चोरियों का हुआ खुलासा

**आरोपियो से चोरी किये सोने चादी के जेवरात नगदी रूपये सहित कुल 10 लाख रूपये से ज्यादा का मश्रुका बरामद।**

**आरोपी है आदतन अपराधी, जिनके विरुद्ध पूर्व से पंजीबद्ध है शहर के कई थानों मे विभिन्न गम्भीर अपराध।**

इंदौर। शहर के पुलिस थाना एरोड्रम क्षेत्रान्तर्गत विगत समय में हुई कि नकबजनी की घटनाओ में फरियादीगण की रिपोर्ट पर से थाना एरोड्रम इंदौर पर अपराध क्रमांक 48/25 धारा 331 ( 3 ),305(ए) बी,एन.एस. 52/25 धारा 331( 3 ),305(ए) बी,एन.एस.,82/25 धारा 331 ( 3 ),305(ए) बी,एन.एस. धारा बी.एन.एस.,104/25 धारा 331 ( 3 ),305(ए) बी,एन.एस. का पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया था। जिस पर से विवेचना के दोरान आरोपी व माल मुल्जिम की पतारसी कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर सोने व चांदी के आभूषण जब्त किये गये है।

इंदौर शहर में चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं को लेकर पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष सिंह शहर व अति. पुलिस आयुक्त (का./व्य.) इंदौर श्री अमित सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में पुलिस





उपायुक्त जोन-01 श्री विनोद कुमार मीणा ने अति. पुलिस उपायुक्त जोन-01श्री आलोक शर्मा व श्री विवेक चौहान सहायक पुलिस आयुक्त मल्हारगंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एरोड्रम तरुण सिंह भाटी को चोरी व नकबजनी की घटनाओ की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियो की पतारसी हेतु टीम का गठन कर कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस टीमों द्वारा पूर्व की चोरी नकबजनी की घटनाओं में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियो से पूछताछ एवं आसूचना संकलन का कार्य कराया तथा घटना स्थल एवं आसपास के रूट के करीब 100-125 सीसीटीव्ही कैमरो के फुटैजो के आधार पर अज्ञात आरोपियो की पतारसी करना प्रारंभ किया उक्त दिशा में कार्य करते पुलिस टीम को सफलता मिलीं। टीम ने 1. आरोपी संदीप उर्फ संजु चौहान उम्र 27 साल नि बालाजी कालोनी हातोद इन्दौर , 2. भुपेन्द्र उर्फ भुरा बसौड उम्र 26 साल नि जोशी मोहल्ला बाराभाई छत्रीपुरा इन्दौर, 3. सुनील जमरा उम्र 28 साल नि लोधी कालोनी महुनाका इन्दौर के साथ मिलकर नरीमन सिटी छोटा बांगडदा व स्कीम नं 51 इन्दौर मे चोरी करना स्वीकार किया। जिन्हे गिरफ्तार कर आरोपियों द्वारा पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपियो की निशादेही से चोरी किया माल एक सोने का मंगलसूत्र , एक सोने की चैन , दो सोने के पैंडल , पाँच सोने की अंगुठी ,तीन चांदी की चैन , दो भगवान की मुर्ती , पांच चांदी के सिक्के , एक चांदी का गिलास व एक चांदी का लोटा , 04 जोड चांदी की पायजेव ,02 जोड सोने के कान के टाप्स ,01 जोड सोने की कान की लटकन , 01 सोने का हाथ का कडा , 01 सोने की नाक की नथ कुल कीमती कुल 10,00,000/- (दस लाख) रूपये का माल बरामद किया गया तथा 1500 रूपये जब्त किये है। आरोपियो का पूर्व आपराधिक रिकार्ड खंगालते आरोपी संदीप उर्फ संजु के विरूध्द कुल 26 अपराध, भुपेन्द्र उर्फ भुरा के विरूध्द 11 अपराध, आरोपी सुनील के विरुद्ध 03 अपराध अभी घटित करना पाया गया है । आरोपियो के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं । तथा अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है जिसमें अन्य घटनाओ का खुलासा होने की संभावना है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तरुण सिंह भाटी थाना प्रभारी थाना एरोड्रम इंदौर, उनि नरेन्द्र रघुवंशी , उनि मनीष माहौर, सउनि निलेश सिसोदिया , सउनि मनोज चौहान ,प्र.आर. विजय प्रआर. पवन पाण्डे, प्रआर. विलियम सिंह, आर. विशाल दभाडे आर. संजय दांगी, आर. राजू रावत, , आर. गजेन्द्र धाकड़, आर. जीवन , आर मनीष रावत , आर जितेन्द्र रावत , सैनिक अखिलेश की सराहनीय भूमिका रही ।

# प्लॉट खरीदने से बेहतर फार्महाउस या कृषि भूमि क्यों है?

**विशेष लेख | रणजीत टाइम्स**

आज के समय में रियल एस्टेट में निवेश करने वाले लोग अक्सर यह सोचते हैं कि प्लॉट खरीदना सही रहेगा या फार्महाउस/कृषि भूमि में निवेश करना? अगर आप लंबी अवधि के फायदे, निवेश की सुरक्षा, और बेहतर रिटर्न चाहते हैं, तो फार्महाउस या कृषि भूमि खरीदना प्लॉट से बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। आइए जानते हैं इसके कुछ प्रमुख कारण।

### 1 कम लागत, ज्यादा ज़मीन

शहरों में प्लॉट की कीमतें बहुत ज्यादा होती हैं, जबकि उसी कीमत में आप गांवों या हाईवे के पास बड़ी कृषि भूमि या फार्महाउस खरीद सकते हैं।

उदाहरणः जहां शहर में 1000 स्क्वायर फीट का प्लॉट महंगे दामों पर मिलेगा, वहीं उतनी ही कीमत में आप 1-2 बीघा तक खेती योग्य भूमि खरीद सकते हैं।

### 2 उपयोग के कई विकल्प

फार्महाउसः आप इसे वीकेंड होम, गेस्ट हाउस या रिट्रीट सेंटर बना सकते हैं।

इसे रेंट पर देकर नियमित आय भी कमा सकते हैं (जैसे Airbnb, रिज़ॉर्ट, वेडिंग डेस्टिनेशन, या वेलनेस सेंटर)।

### कृषि भूमि



**आप इसमें ऑर्गेनिक खेती, ग्रीनहाउस, या बागवानी कर सकते हैं।**

इसे लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट के रूप में रख सकते हैं, क्योंकि समय के साथ भूमि की कीमतें बढ़ती हैं। सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और सब्सिडी दी जाती हैं।

### 3 खेती पर सरकार का नियंत्रण कम, प्लॉट पर ज्यादा नियम

प्लॉट खरीदने के बाद आपको कई सरकारी नियमों का पालन करना पड़ता है, जैसे कि बिल्डिंग परमिशन, कॉम्पाउंड वॉल, प्रॉपर्टी टैक्स आदि। कृषि भूमि पर ऐसी कोई बड़ी बंदिशें नहीं होतीं, और आप इसे आसानी से अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 4 प्राकृतिक जीवन और स्वस्थ वातावरण

शहर की भीड़भाड़ और प्रदूषण से बचने के लिए फार्महाउस या कृषि भूमि बेहतर विकल्प है। हरियाली, शुद्ध हवा और शांत वातावरण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। bयदि आप प्राकृतिक जीवन शैली अपनाना चाहते हैं तो यह एक उत्तम निर्णय हो सकता है।

### 5 भविष्य में बड़े लाभ की संभावना

शहरों का विस्तार तेजी से हो रहा है, जिससे कृषि भूमि की कीमतें भी बढ़ रही हैं। आज जिस कीमत पर आप कृषि भूमि या फार्महाउस खरीदेंगे, वह कुछ वर्षों में बहुत ज्यादा बढ़ सकती है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (हाईवे, रेलवे, इंडस्ट्री) होने से ऐसी संपत्तियों की कीमतों में कई गुना बढ़ोतरी होती है।

### 6 कम टैक्स और मेंटेनेंस खर्च

शहरी प्लॉट पर प्रॉपर्टी टैक्स, नगर निगम शुल्क, और अन्य मेंटेनेंस लागत लगती है। कृषि भूमि या फार्महाउस पर टैक्स की दरें बहुत कम होती हैं और इनका मेंटेनेंस खर्च भी नगण्य होता है।

### 7 रिज़ॉर्ट या होमस्टे,बदलने का मौका

यदि आपके पास फार्महाउस या कृषि भूमि है, तो आप इसे इको-रिसॉर्ट, योगा सेंटर, या वीकेंड होम में बदल सकते हैं। यह बढ़िया बिजनेस मॉडल बन सकता है, जिससे नियमित आय हो सकती है।

### नतीजा – स्मार्ट इन्वेस्टमेंट करें!

अगर आप सिर्फ प्लॉट खरीदने की सोच रहे हैं, तो उससे बेहतर होगा कि आप फार्महाउस या कृषि भूमि में निवेश करें। इससे आपको लॉन्ग-टर्म फायदे, शुद्ध वातावरण, और फाइनेंशियल ग्रोथ का लाभ मिलेगा। आज का निवेश आपके भविष्य की संपत्ति बन सकता है, इसलिए सोच-समझकर निवेश करें!

**पूजा शर्मा - फार्महाउस वाला**

**फार्म हाउसवाला- आपके सही निवेश का साथी!**

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

## खबर एक नजर...

### नारी और अन्न दाता का सशक्तिकरण हमारा संकल्प

**उज्जैन ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन संभाग के देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2024-25 की तृतीय किश्त में 81 लाख किसानों को रुपए 1624 करोड़ रुपए का वितरण करेगें। कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1.27 लाडली बहनों को 1553 करोड़ रुपए आंतरित करेगें। इसी के साथ 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियो 337 करोड़ रुपए आंतरित किये जाएंगे। कार्यक्रम का वेबकास्ट दोपहर 01 बजे से प्रशासनिक संकुल भवन के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

### जीआईएस देगा मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान : सीएम डॉ. यादव

**उज्जैन ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन पर काम करते हुए मध्यप्रदेश तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकाँक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को ₹स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र₹ बनाना है, जहां युवा उद्यमियों को अपने आईडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आगामी 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कई मायनों में खास होगी। समिट में कई देशों के उद्यमी एवं निवेशक शामिल होंगे। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान देंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। हम प्रदेश में स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए वित्तीय सहायता, सशक्त नीतिगत ढांचा और आधुनिक बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान कर रहे हैं और इस दिशा में हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश के युवा उद्यमी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।



# स्मार्ट सिटी के तहत नहीं हो रहा कार्य, कई जगह बोर्ड लगाकर बंद कर दिए फुटपाथ

नानाखेड़ा स्टेडियम के पास फुटपाथ पर बड़े-बड़े पिलर बनाकर लगा दिए बोर्ड

**रणजीत टाइम्स**

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्य में शहर में कहीं भी स्मार्ट वर्क नजर नहीं आ रहा है। स्मार्ट सिटी के सभी प्रोजेक्ट अधर में लटके हुए हैं। शहर में साइनेज व बोर्ड लगाते समय स्मार्ट वर्क नहीं किया गया। ज्यादातर बोर्ड फुटपाथ पर लगाए जा रहे हैं। बोर्ड ऐसी जगह लगा दिए गए हैं, जिससे लोगों के लिए फुटपाथ का इस्तेमाल करना ही मुश्किल हो गया है। एक तरफ शहर में पैदल चलने वालों के लिए नए फुटपाथ तैयार करने की प्लानिंग चल रही है तो दूसरी तरफ शहर को स्मार्ट करने के लिए काम कर रही कंपनी पुराने फुटपाथ का इस्तेमाल करने में ही रुकावट पैदा कर रही है। बोर्ड को फुटपाथ पर ही लगा दिया गया है। इसके कारण लोग फुटपाथ इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

### इंदौर रोड पर जगह-जगह बोर्ड लगाकर फुटपाथ बंद किये

इंदौर रोड पर नानाखेड़ा स्टेडियम के पास शांति पैलेस चौराहे पर बनाए गए फुटपाथ पर बड़े-बड़े पिलर खड़े कर दिए गए हैं ओर सिगनेज बोर्ड लगाए गए हैं इसी के साथ यहां पर टावर का फाउंडेशन भी बना दिया है जिससे फुटपाथ का इस्तेमाल बंद हो गया है यह बोर्ड जगह-जगह फुटपाथ पर लगा दिए गए हैं। इस वजह से लोग फुटपाथ का इस्तेमाल भी नहीं कर पा रहे हैं। अधिकतर कॉलोनी के लोग पैदल घूमने के लिए इस फुटपाथ का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यहां फुटपाथ पर ही पिलर खड़े कर दिए हैं। और उनमें बोर्ड लगा दिए गए हैं इंदौर रोड पर हरी फाटक से महामृत्युंजय द्वार तक के फुटपाथ का लोग इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन सभी फूटपाथ पर बोर्ड लगे हुए हैं जिसकी वजह से फुटपाथ का इस्तेमाल बंद हो गया है। इसी तरह चामुंडा माता चौराहे पर भी फुटपाथ का इस्तेमाल बंद हो गया है।



# जिले के 206 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के ऐसे हैं हाल

## पानी बिजली है, लायब्रेरियन का पद गायब, खेल शिक्षक अतिथि

### हाईस्कूल सीसी टीवी कैमरा विहीन, हायर सेकेंडरी में लगे शाला विकास निधि से

**रणजीत टाइम्स**

जिले के 206 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पानी-बिजली की पर्याप्त व्यवस्था है। इसमें से 107 हायर सेकेंडरी स्कूल तो सीसी टीवी कैमरा से युक्त कर दिए गए हैं लेकिन हाई स्कूल इस व्यवस्था से अछूते हैं। जिले के स्कूलों से लाईब्रेरियन का पद गायब हो चुका है और खेल शिक्षक यानिकी पीटीए का स्थान अतिथि खेल शिक्षक के भरोसे हैं जिले के गिने चूने स्कूलों के पास ही खेल मैदान की सुविधा है।

जिले में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था एवं सुविधा पर अगर नजर मारी जाए तो हाल यह हैं कि पेंट बनाने की बात करते हुए बरमुंडा बनाया जा रहा है। विभाग के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के जिला परियोजना समन्वयक गिरीश तिवारी के अनुसार जिले के अधिकतम 90 फीसदी स्कूलों में प्रयोगशाला सहायकों के पद भरे हुए हैं।जिले के गिनती के स्कूलों के पास ही अपने खुद के मैदान हैं।उत्कृष्ट स्कूलों के पास भी छोटे-मोटे ही मैदान हैं। वर्तमान में सीएम राईज स्कूलों में खेल मैदान दिए जा रहे हैं। जिले के 206 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के 12-13 पूर्व पीटीए हैं और शेष में करीब 30 के लगभग संविदा और अतिथि खेल शिक्षक अपना दायित्व निभा रहे हैं।



### हाई स्कूलों में नहीं सीसी कैमरा सुविधा-

श्री तिवारी के अनुसार जिले के होस्टल ,उत्कृष्ट, माडल स्कूलों में सीसी टीवी कैमरा लगाने के लिए बजट दिया जाता है इसके अलावा अन्य स्कूलों को नहीं दिया जाता है। ऐसे में हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शाला विकास निधि से सीसी टीवी कैमरा की सुविधा का विस्तार किया गया है।उनकी फीस से ही यह राशि उन्हें दी जाती है। हाईस्कूलों में ऐसी व्यवस्था अभी नहीं बन सकी है। इसके चलते सीसी टीवी कैमरा विहीन हैं।

### लायब्रेरियन की पोस्ट नहीं

जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कभी लायब्रेरियन के पद हुआ करते थे अब ये पद पुरानी बात हो चुकी है। स्कूलों में लायब्रेरी की बात जरूर हो रही है लेकिन उनका संचालन कैसे हो रहा है यह सवाल अब लाजिमी हो गया है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इन शासकीय स्कूलों में लाईब्रेरी के लिए भी पीरियड लगाने का प्रावधान है। लेकिन, जिले के कई स्कूलों में लाईब्रेरी नहीं है। स्कूलों में पिछले दो दशक से लायब्रेरियन की भर्ती ही नहीं हुई है। सामने आ रहा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सभी वर्ग के लिए 1982 में लाइब्रेरियन की भर्ती हुई थी। अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग ने पुस्तकाल्य अधिनियम भी लागू नहीं किया, जबकि प्रारूप तैयार है। इसके चलते एम लिब और बी लिब के कई विद्यार्थी बेरोजगार होकर घूम रहे हैं।

# विधायक की मांग पर प्रभारी मंत्री ने कार्य स्वीकृत किए

**रणजीत टाइम्स**

आलोट क्षेत्र के विधायक डा.चिंतामणि मालवीय ने रतलाम जिला सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर कलेक्टर से मांग की है । मामला उनकी मांग पर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिस पर सहायक आयुक्त ने तकनीकी स्वीकृति पत्र जारी करने से संबंधित है।

बताया जा रहा है कि विधायक डा.मालवीय ने प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह को दिसंबर 24 में पत्र लिखकर जनजातीय कार्य विभाग मंत्रायल द्वारा अनूसुचित जाति बस्ती विकास के लिए 40 लाख रूपए की राशि आवंटित करने की जानकारी देते हुए 7 गांवों में संलग्न सूची लगाते हुए बस्ती विकास की अनुशंसा की गई थी। इस पर आदेश जारी करने की मांग की गई थी। प्रभारी मंत्री की स्वीकृति मिलने पर सहायक आयुक्त द्वारा अनुशंसा के विपरित 13 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र के पिपलिया मारू नारायणी,गुराडिया, गुराडिया में 7-7 लाख के कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति पत्र जारी किया है। विधायक ने इसे निरस्त करते हुए प्रभारी मंत्री को लिखे पत्र अनुसार प्रथम तीन ग्राम पंचायत मुंडला कला,पिपलिया मारू, निपानिया लीला में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिए मूर्तरूप देने का आग्रह किया है। कलेक्टर को लिखे पत्र में उन्होंने सहायक आयुक्त पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग भी रखी है।

# अभ्युदयपुरम में ध्वजारोहण भव्य महोत्सव आज से

## श्री कल्याणमंदिर महा तीर्थ अभ्युदयपुरम की प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर होगा आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

श्री कल्याणमंदिर महा तीर्थ अभ्युदयपुरम की प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर ध्वजारोहण का दो दिवसीय भव्य महोत्सव होने जा रहा है।

मालव मार्तंड डॉ. आ. श्री मुक्तिसागरसूरीश्वरजी म. प्रेरित-संस्थापित इस तीर्थ के ट्रस्टीगण मफतलाल संघवी, संजय जैन खली एवं संजय संघवी ने बताया कि आज 10 फरवरी सोमवार को सम्पूर्ण जिनालय में सभी प्रभु प्रतिमाओं का अट्ठारह अभिषेक का महत्वपूर्ण विधान होगा।



शाम को संध्या भक्ति भी रखी गई है। 11 फरवरी सुबह 7 बजे पुष्यनक्षत्र के शक्रस्तव अभिषेक, 8 बजे नौकारशी, 9 बजे सत्तरभेदी पूजा प्रारंभ, 10 बजे 53 ध्वजा का भव्य वरघोड़ा, धर्मसभा एवं ध्वजारोहण के पश्चात श्री संघ स्वामिवात्सल्य होगा। तत्पश्चात जैन कवि संगम के द्वारा राष्ट्रीय आध्यात्मिक कवि सम्मेलन रखा गया है। विधि विधान यहां के ट्रस्टी व्रजेश जैन करवाएंगे और संगीतकार संजय छाजेड़ घसोई तीर्थ पधारेंगे।

# वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार की मप्र में हैं अपार संभावनाएं : सीएम

**रणजीत टाइम्स**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और परिधान उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला राज्य बन चुका है। राज्य की समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। सरकार के सुविचारित प्रयासों से मध्यप्रदेश तेजी से भारत के प्रमुख टेक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में उभर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस औद्योगिक यात्रा को और गति देने का माध्यम बनेगा, जहाँ दुनिया भर के निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का टेक्सटाइल उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिसमें कच्चे माल के उत्पादन से लेकर परिधान निर्माण और वैश्विक निर्यात तक सभी चरण शामिल हैं।

# मुनि मलय सागर ने आत्मकल्याण का मार्ग चुन सबकों कृतार्थ किया

**रणजीत टाइम्स**

उच्च पदों पर आसीन रहकर भौतिक सुख सुविधाओं का त्याग करना अपने आप में कठिन मार्ग है.. इसे चुनकर व्यक्ति अपने आत्मकल्याण के साथ पूरे समाज को कृतार्थ करता है। लेकिन उनका यूं असमय कालधर्म सभी के लिए कष्टप्रभ है।

कुछ ऐसे ही उदगार पूज्य जैनाचार्य नवरत्न सागरजी के शिष्य गणीवर्य आदर्शरत्न सागरजी मसा के शिष्य रत्न मुनि मलय रत्न सागर जी मसा के कालधर्म होने पर रविवार को खाराकुआ स्थित श्री सिद्ध चक्र केसरीयानाथ तीर्थ उपाश्रय में अभ्युदयपुरम प्रणेता आचार्य डॉ. मुक्ति सागर सूरी जी की निश्रा में आयोजित गुणानुवाद सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किये। दीक्षा लेने से



पूर्व मुनि मलय सागर जी (महेंद्र सिरोलिया जी) खाराकुआ स्थित श्री ऋषभ देव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट के 25 वर्षो तक अध्यक्ष रहे है। गत शुक्रवार को पालिताणा तीर्थ में उनका देवलोकगनान हो गया। वे अपने गुरु एवं मुनि मंडल के साथ वही आराधनारत थे। सभा को पेढ़ी ट्रस्ट अध्यक्ष एवं उनके सांसारिक पुत्र सौरभ सिरोलिया, समाज के गौतमचंद धीग, अभय मेहता, संजय जैन खलीवाला, सुशील जैन, डॉ. राहुल कटारिया, डॉ. सुभाष जैन, अमित भंसाली आदि ने सम्बोधित किया। अंत में आचार्य श्री मुक्ति सागर सूरी जी ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जीवन में वैराग्य का भाव तभी आ सकता है जब हम बाहरी सुखों से हटकर आत्म कल्याण का बोध कायम करें। सभा का संचालन अशोक भंडारी ने किया। इस दौरान पेढ़ी ट्रस्ट के जयंतीलाल जैन, नरेंद्र जैन दलाल, संजय पावेचा, पारस हरणीया, संजय संघवी, निलेश सिरोलिया, सौरभ जैन, राजेश कटारिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मालूम हो कि पेशे से इंजीनियर मुनिश्री ने सांसारिक जीवन में कई उल्लेखनीय कार्यों के साथ पूरा जीवन समाज समर्पित किया है। अपने 5 वर्ष के दीक्षा पर्याय में पैदल विहार व कठिन तपस्या आदि की है। वे अत्यंत सरल, धार्मिक, तपस्वी, विनम्र, मृदुभाषी, परम गुरू भक्त थे। आपने दीक्षा जीवन में अपनी चुस्त जीवनचर्या, ज्ञान प्राप्ति, नियमित क्रिया, अनन्य गुरू सेवा व भक्ति से संपूर्ण जिन शासन में अपने गुरु के पद चिन्हों पर चलते हुए अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया है।

## खबर एक नजर...

### श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास ने एसपी को दिया ज्ञापन

**उज्जैन .** श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास उज्जैन द्वारा समाज अध्यक्ष अरविंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम पर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन डीएसपी श्री यादव को दिया।

समाज अध्यक्ष अरविन्द वर्मा ने डीएसपीपी यादव से चर्चा में बताया कि समाज के कुछ बन्धुओ कैलाश सोनी सुनालिया एवं आकाश मायछ सोनी व इनकी पत्नियों द्वारा समाजजनों को परेशान किया जा रहा है। इनके द्वारा लगातार समाज के कुछ समाजजनों की झूठी शिकायत थानों में की जा रही है जिसके कारण समाज के लोग भयभीत एवं डरे हुए हैं। लगातार थानों से उनके पास फोन आ रहे हैं। विगत 15 वर्षो से इनके द्वारा समाज को हानि पहुंचाई जा रही है। साथ ही समाज की जमीन को भी हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही अन्य घटनाएं भी डीएसपीपी श्री यादव को बताई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार भवण, सचिव आनंदीलाल कुलथिया, कोषाध्यक्ष मोहनलाल सरड़ीवाल, सहसचिव देवेंद्र रुगेरचा, प्रहलाद सोलीवाल, राधेश्याम जालु, उमाशंकर जांगलवा, गजेन्द्र बेवाल, राजेश सोनी, विजय सोनी, आनंद सोनी, गोपाल जांगलवा सहित समाज जन उपस्थित रहे।

### 2 मार्च को जीवनदीप परिवार लगाएगा रक्तदान महोत्सव कैंप

**उज्जैन।** जीवनदीप महिला विंग द्वारा अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ में दर्शन एवं पूजा कर कर इस वर्ष की शुरूआत की। पूरे वर्ष की रूपरेखा बनाते हुए स्वास्थ्य संबंधित सेवा कार्य की चर्चा की गई। आने वाले 2 मार्च को जीवनदीप परिवार द्वारा रक्तदान महोत्सव कैंप लगाया जाएगा। जिसमें लकी ड्रा एवं जोड़े से रक्तदान करने वाले सभी दंपतियों का बहुमान किया जाएगा।

## 12 फरवरी को मनाया जाएगा सद्गुरु संत शिरोमणि रविदास जन्मोत्सव

**रणजीत टाइम्स**

वृंदावनपुरा मे संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के गुरुद्वारा पर श्री संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ उज्जैन द्वारा 12 फरवरी को सद्गुरु संत शिरोमणि रविदास जन्मोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर समाज द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।संभाग अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को लेकर गुरुद्वारा पर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई मुद्दों पर कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। समाजजनों को घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। 648वां जन्मोत्सव पर 12 फरवरी 2025 बुधवार को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद 11:00 बजे गुरु गादी गुरुद्वारा पर चादर चढ़ाई जाएगी। शाम को 5 बजे दीप उत्सव का कार्यक्रम होगा और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। समाजजनों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया है। श्री संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ ने समस्त समाज के बंधुओं से निवेदन किया है की अधिक से अधिक संख्या में माता-बहनों और बच्चों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित हों।

### सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए सुविधा

# छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज पर प्लाजा एवं पार्किंग का निर्माण किया जाएगा

**रणजीत टाइम्स**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार सिंहस्थ 2028 को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने जिले में विभिन्न निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। इसी क्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा दृष्टिगत छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज पर प्लाजा, पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण किया जाएगा। यह निर्माण 4 हजार वर्गमीटर में 25.15 करोड़ की लागत से होगा। उपरोक्त भवन में 4 तल होंगे। दूसरे बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा, भूतल एवं प्रथम तल पर व्यवसायिक



दुकानों के साथ भूतल पर ओपन प्लाजा होगी। ओपन प्लाजा 1263 वर्गमीटर में निर्मित की जाएगी। भूतल पर 28 दुकानें निर्मित की जाएंगी। दूसरे बेसमेंट में 92 चार पहिया वाहन एवं 200 दो पहिया वाहन पार्क करने की क्षमता होगी।

# खण्डेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा योग शिविर आयोजित

### त्रिदोष बैलेंस के लिए बताए योग, पादाभ्यंग थैरेपी से किया लाइव डिटॉक्सिफिकेशन

**रणजीत टाइम्स**



रविवार सुबहः 7:30 से 8:30 बजे तक खण्डेलवाल भवन में खण्डेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें योग गुरु पंकज शर्मा के निर्देशन में सर्वप्रथम स्ट्रेचिंग- व्यायाम उसके बाद योगासन फिर प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। वात पित्त कफ (त्रिदोष) को बैलेंस करने, शरीर के बुरे तत्व (टॉक्सीन) को शरीर से बाहर करने की यौगिक क्रियाएं एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के उपाय का प्रशिक्षण इस शिविर में प्रदान किया गया।

योग गुरु के द्वारा कांसे की कटोरी से पादाभ्यंग थैरेपी दे कर लाइव डिटॉक्सिफिकेशन दिखाया गया, उन्होंने बताया कि 15000 से अधिक एक्यूप्रेशर पॉइंट, 25000 से अधिक स्वेट ग्रंथि, 42 मांसपेशियों, 26 तरह की हड्डी, 50 तरह के जॉइंट्स पैर के तलवों में होते है, पैरों को गर्म पानी से धोकर पॉइंट्स पर तेल या घी से मालिश कर फिर कांसे की कटोरी से मसाज देने से वेक्यूम की तरह तलवों से टॉक्सीन बाहर निकलते है, जिससे वेरीकोज वेंस, बाल झड़ना, अनिद्रा, पैर की सूजन, दर्द, पाचन तंत्र आदि में लाभ के साथ वात पित्त कफ त्रिदोष भी बैलेंस होते है, शिविर में ज्योति खण्डेलवाल, अनिल सामरिया, सुनील झालानी, राजेंद्र सोखिया, अर्पित गुप्ता आदि ने पादाभ्यंग थैरेपी का लाभ लिया।

अर्पित गुप्ता के अनुसार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले आयोजन की प्रत्येक वर्ष की एक वैश्विक थीम निर्धारित होती है, जिसके अनुरूप वर्ष भर उत्सव होता है।

# शिक्षा जीवन के खिलने और महकने की सुरभित वाटिका

**रणजीत टाइम्स**

शिक्षा जीवन के खिलने और महकने की सुरभित वाटिका है। मां वीणापाणि सरस्वती की वाटिका संस्कारों एवं जीवन के सर्वांगीण विकास की महकती बगिया है ...विद्यार्थी गण वाटिका के सुरभित पुष्प एवं कालिकाएं हैं जिनसे देश प्रेम एवं राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्राप्त होती है।

उक्त विचार शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नलिया बाखल के आनंद उत्सव एवं मां बेटी सम्मेलन के अवसर पर प्रख्यात पत्रकार लेखक, चिंतक, विचारक, कवि, सद्भावना के पुंज, पंडित मुस्तफा आरिफ (रतलाम) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित प्रधानाचार्य शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने की। विशेष अतिथि साइबर क्राइम के प्रभारी एस आई चंद्रभान सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार पंडित देवेंद्र पुरोहित, रतलाम के साहित्यकार लक्ष्मण पाठक थे।

इस अवसर पर अध्यक्ष उद्बोधन प्रदान करते हुए शैलेंद्र व्यास ने कहा



शिक्षा जीवन को जीने का निखालिस स्वरूप प्रदान करती है। शिक्षा के माध्यम से कर्म की क्यारी में प्रगति के फूल मुस्कुराते हैं।

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थी सांस्कृतिक, साहित्यिक, क्रीडा की सफलता के मोती चुनते है। साइबर क्राइम स्पेशलिस्ट एस आई चंद्रभान सिंह चौहान ने साइबर अपराध से बचने के लिए विभिन्न प्रकार की सावधानियां किस प्रकार की जाए इसकी जानकारी प्रदान की।

साइबर क्राइम के संबंध में पंकज पाटीदार ने एंड्राइड मोबाइल को किस प्रकार उपयोग किया जाए जानकारी से युवाओं को अवगत कराया। संस्था परिचय वरिष्ठ शिक्षक संजय अष्ठाना ने प्रदान किया। स्वागत उद्बोधन शिक्षिका प्रियंका सोलंकी ने किया। सरस्वती वंदना मनीषा गुप्ता ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत पुरुषोत्तम विष्णु, लता शिंदे, ममता मिश्रा, राकेश जोशी, पल्लवी श्रीवास्तव, मंजुला कुशवाह ने किया। भारती गोमे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन होनहार छात्रा मिस्बाह मंसूरी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धा में विशिष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को आकर्षक स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र पत्र वितरित कर पुरस्कृत किया गया। नृत्य, निबंध, केश सज्जा, फैंसी ड्रेस, रंगोली, श्लोक पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त दीक्षा मालवीय, दिव्यांशी सिसोदिया, जिक्रा शाह, तरफिया शेख, आयुषी मेवाडा, अनस नागौरी सम्मानित किए गए।

# राजपूत सम्माज का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व राजपूत क्षत्रिय ग्रुप का परिचय सम्मेलन शर्मा परिसर मे संपन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, व पूर्व मंत्री व विधायक उषा ठाकुर थी। विशेष अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक महेश गुरु जी व विश्व क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह भदौरिया थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आईजी रमन सिंह सिकरवार ने की, कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया व नरेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुये बताया की इस अवसर पर 1000 से ज्यादा देश विदेश से प्रविष्टि प्राप्त हुई है, सम्मेलन मे 60 से अधिक रिश्ते तय हुये है, कार्यक्रम मे प्राप्त प्रविष्टि का व्हाट्सप्प ग्रुप और वेबसाइट पर प्रकाशन किया जायेगा. आभार डॉ राम अवतार सिंह कुशवाह ने माना, इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह तोमर, राजपाल सिंह सिसोदिया, नव नियुक्त जिलाध्यक्ष वीनू कुशवाह, संभाग अध्यक्ष छोटे सिंह भदौरिया, भानु भदौरिया, योगेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी आनंद सिंह खींची आदि उपस्थित थे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अखबार

## खबर एक नजर...

### 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा

**बड़वानी ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 को जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील (सेंधवा/राजपुर/अंजड़ / खेतिया) स्तर पर किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालय लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखे जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। नेशनल लोक अदालत में निम्न प्रकार के राजीनाम योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जावेगा। प्रिलिटिगेशन प्रकरण के तहत धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक वसूली मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले, विद्युत एवं जल संबंधी मामले, बी.एस.एन.एल संबंधी मामले, अन्य प्रकरण आदि । इसी प्रकार न्यायालयों में लंबित प्रकरण के तहत दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक वसूली मामले, एम.ए.सी.टी प्रकरण, श्रम विवाद संबंधी मामले, विद्युत एवं जल संबंधी मामले, पारिवारिक विवाद संबंधी मामले, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, सर्विस मेटर्स आदि मामले, सिविल प्रकरण । श्री महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अनुरोध किया गया है कि 8. मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ उठावे एवं सुलभ एवं त्वरित अपने प्रकरणों का निराकरण करावें।

### .क्विज के माध्यम से बढ़ा रहे हैं पढ़ाई में रूचि

**बड़वानी ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में कार्यरत स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रूचि और उत्साह बढ़ाने के लिए निरंतर रचनात्मक गतिविधियाँ की जाती हैं. कार्यकर्ता वर्षा मुजाल्दे ने बताया कि ऐसी ही गतिविधियों में क्विज भी शामिल है। प्रतिदिन सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, योग एवं ध्यान, इतिहास, तर्कशक्ति, गणित आदि पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे जाते हैं ये प्रश्न जहाँ उनकी कॉलेज की पढ़ाई के लिए उपयोगी होते हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दृष्टि से भी इनका विशेष महत्व होता है। सही उत्तर बताने वाले विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाता है. सामान्य ज्ञान की पुस्तकें क्रय करने के लिए नकद पुरस्कार भी दिया जाता है। विद्यार्थी उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लेते हैं तथा कक्षाओं में उपस्थित रहते हैं। आयोजन में सहयोग भोलू बामनिया, शिवानी बड़ोले, संजू डुडवे एवं डॉ. मधुसूदन चौबे द्वारा दिया जा रहा है।

## अनुविभाग मुख्यालय सारंगपुर के बाजार में ट्रैफिक जाम बनती जा रही है गंभीर समस्या

# अनदेखी ही है वजह शहर में रोजाना जाम लगने की

**रणजीत टाइम्स**

शहर में ट्रैफिक जाम दिन प्रतिदिन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। हालत ऐसे हैं कि बाजारों में घंटों तक जाम लगा रहता है। इससे वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तो शहरवासी ट्रैफिक की समस्या से परेशान हैं, वहीं वाहनों की गलत तरीके से पार्किंग के कारण भी ट्रैफिक समस्या और ज्यादा बिगड़ती जा रही है। सडकों पर ही लोगों द्वारा अवैध पार्किंग जोन बना दिया जाता है। यहां खुलेआम सड़क के किनारे दोनों ओर वाहनों को खड़ी कर जाम की समस्या उत्पन्ना करने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की त्योहारो पर कभी-कभार को छोडकर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके कारण लोग वाहन को जहां तहां खड़ा कर जाम की समस्या को और विकराल बना रहे हैं। यहां जगह का अभाव होने से दुकानों के सामने वाहनों को लोग खड़ी कर देते हैं। जिससे दुकानदारों की भी



समस्या खड़ी हो गयी है। वही शहर में चलने वाली ऑटो और छोटे चार पहिय्या वाहन जाम की समस्याओं को उत्पन्न कर रहे है। ऑटो चालकों द्वारा सवारी चढाने के चक्कर में भीड-भाड वाले इलाकों में अपनी वाहन को घुसा देते हैं। साथ ही मुख्य सडकों पर गाडी खडी कर सवारी का इंतजार करते हैं, इस कारण ट्रैफिक जाम हो जाता है। हालांकि प्रशासन द्वारा ऑटो चालकों पर कई बार कार्रवाई की गयी है, बावजूद स्थिति जस की तस है।

### शहर में नहीं है ट्रैफिक सुधार पर किसी का ध्यान

शहर को अनुविभाग मुख्यालय का दर्जा तो मिल गया है, पर आज तक यहां ट्रैफिक सुधार की व्यवस्था पर किसी का नहीं गया है। शहर में लोग बिना किसी डर के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ जाते है। आगे चलने की होड में युवा हो या फिर उम्रदार ट्रैफिक नियमों को तोडते रहते हैं। शहर में अगर ट्रैफिक पुलिस की हर चौराहे पर व्यवस्था कर दी जाये तो लोग नियमों को तोडने से डरेंगे तथा अपनी वाहनों को जहां-तहां पार्किंग नहीं करेंगे।

## मामला खकनार के ग्राम शेखापुर का

# फर्जी बीपीएल कार्ड से आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु नियुक्ति दी गई

**रणजीत टाइम्स**

मामला खकनार के ग्राम शेखापुर का है जहा महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनवाडी सहायिका पद हेतु विज्ञप्ति दिनांक 28-2-2023 को निकली गई थी जिसमे आवेदिका रीना नगीन द्वारा दस्तावेजो में फर्जी बीपीएल कार्ड लगा कर नियुक्ति पा ली थी रीना नगीन द्वारा अपने ससुर प्रह्लाद पिता हरचंद के परिवार समग्र की आई. डी. क्र. 25623783 प्रस्तुत की गई थी। 28 फरवरी 2023 को नियुक्ति निकली थी जिसमें रीना नगिन पहलवान द्वारा बीपीएल क्रमांक 06 (25623 783)लगा कर आवेदन प्रस्तुत किया गया था किंतु उसमें उसका नाम ही नहीं है सूचना के अधिकार के तहत पता चला है कि रीना नागिन का बीपीएल में से 8.9.2022 को उसका नाम पंचायत द्वारा पृथक किया गया था सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तवेज में पाया की जो समग्र कार्ड की छायाप्रति रीना नगीन द्वारा जमा की गई थी वह दिनांक 23.06.2022 को प्रिंट की गई थी याने नम्बर प्राप्त करने के लिए जिस समग्र में रीना का नाम एक वर्ष पहले कट चूका था उसी का उपयोग कर अपने आप को योग्य साबित किया गया और नंबर का हेर फेर किया गया

यह देख सकते है शिकायतकर्ता द्वारा उक्त पद पर चयन हेतु नियमानुसार चाहे गये दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये थे जिसमे तुलनात्मक पत्र मे एस सी के 10 अंक, बीपी एल कमांक 138 के 10 अंक, प्राप्तांक 166/350 47.42 प्रतिशत कुल प्राप्त अंक 33.21. बी ए के अंक 10 प्राप्तांक 4.6.24 अंक 63.71. द्वितीय है तथा रीना नगीन एस सी के 10 अंक, बी पी एल के 06 के 10 अंक, प्राप्तांक सी ग्रेड 40 कक्षा 10वी के 10 अंक कुल योग्य 70 प्रथम है। जिसमें प्रल्हाद पिता हरचंद के बीपीएल क्रं. 06 है किंतु उसमें अनावेदिका रीना नगीन का नाम नही है।

दिनांक 10.05.2023 को नेपानगर में बैठक आयोजित की गई क्या निर्णय लिया गया सुचना अप्राप्त है इसके उपरांत दिनांक 14.06.2023 को दुबारा नेपानगर में बैठक आयोजित की गई जिसमे निर्णय लिया गया कि रीना नगीन का नाम प्रथम स्थान के लिए चयनित हुआ है एवं सुरेखा सतीश का नाम दुसरे स्थान पर चयन किया गया है शिकायतकर्ता सतीश को ज्ञात रहा है की कुछ गड्बदी की गई है योग्य होते हुए भी अयोग्य साबित कर जो पात्र ही नहीं है उसे नियुक्ति दी जा रही है इसके विरुद्ध शिकायतकर्ता सतीश द्वारा रीना नगीन के आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजो की जांच के लिए दिनांक 19.06.2023 को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के समक्ष अपना पक्ष रखा फिर भी कोई निर्णय नही लिया गया शिकायत के निराकरण के लिए जिलापंचायत में दिनांक 05.10.2023 बैठक आयोजित की गई जिसमे सुरेखा सतीश ने अधिकारी के समक्ष सबुत पेश किये जिसके आधार पर रीना नगीन के बीपीएल के सत्यापन सहित पांच ग्राम के आवेदको के बीपीएल के सत्यापन के लिए मुख्या कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खकनार को पत्र जारी किया गया द्य जब वापसी में मुख्या कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खकनार द्वारा बीपीएल जाँच का अपना प्रतिवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समिति बुरहानपुर को भेजा गया तो यह सत्यापित किया गया की रीना नगीन का बीपीएल सूची में नाम नही है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में भैरव चण्डी यज्ञ सम्पन्न

**रणजीत टाइम्स**

ऐतिहासिक नगर मंडलेश्वर के ऐतिहासिक काशी विश्वनाथ मंदिर का परिसर में पहली बार होने वाले भैरव चण्डी यज्ञ का साक्षी बना। गृहस्थ जीवन में आ रही बाधाओं तथा व्यवसाय में आने वाली बाधाओं का नाश करने वाले तथा तंत्र मंत्र के बुरे प्रभाव से पीड़ित व्यक्तियों का कल्याण करने वाले भैरव चंडी यज्ञ का बहुत महत्व माना जाता है। यज्ञ के प्रमुख आचार्य पंडित सुनील जोशी ने बताया कि यह यज्ञ पहली बार करपात्री महाराज द्वारा कराया गया था जिनको समाधि लेने के 100 वर्ष बीत चुके है उसके बाद दूसरी बार यह यज्ञ मंडलेश्वर में हो रहा है ।यामल ऋषि द्वारा रचित ग्रंथ यामल तंत्र में भैरव चंडी यज्ञ का महत्व बताया गया है। इसके प्रभाव से व्यक्ति तंत्र बाधा से मुक्त हो जाता है साथ ही गृहस्थ जीवन और व्यापार व्यवसाय में आ रही बाधाओं का भी निवारण हो जाता है। यामल ऋषि द्वारा रचित यामल तंत्र रावण संहिता के बाद दूसरा सबसे बड़ा तांत्रिक ग्रन्थ माना जाता है। भैरव चंडी यज्ञ में दस प्रकार की औषधियों चावल की खीर एवं पंच मेवे की आहुतियां दी जाती है इसमें उड़द की दाल के लड्डू का भोग देवी को लगाया जाता है।यज्ञ के मुख्य यजमान वैभव कांबले है। यज्ञ सम्पन्न करवाने वाले आचार्यो में पुणे के पंडित उपेन्द्र खिस्ती , संभाजी नगर के पंडित प्रसाद पांडव, कोल्हापुर के कुलदीप चौधरी, सतारा के पंडित खोसर , एवं पंडित बालकृष्ण सालुंके शामिल है। यज्ञ समिति में राजकुमार पाठक संजय अग्रवाल योगेन्द्र श्रीवास का महत्वपूर्ण योगदान है ।

**यज्ञ के बाद मां नर्मदा को अर्पित की चुनरी**

काशी विश्वनाथ मंदिर में तीन दिवसीय भैरव चंडी यज्ञ का आयोजन स्वामी समर्थ ट्रस्ट दौंड जिला पुणे महाराष्ट्र द्वारा किया जा रहा है जिसके 150 भाविक (भक्त) आयोजन में शामिल है।ट्रस्ट द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर मंडलेश्वर में विगत पांच वर्षो से धार्मिक आयोजन किए जा रहे है इसका कारण है काशी विश्वनाथ मंदिर में स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती का तप स्थल होना है। 07 फरवरी से मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो चुके है पहले दिन ग्राम प्रदक्षिणा के बाद ग्राम देवता (छप्पन देव मंदिर) की पूजा की गई। दूसरे दिन 8 फरवरी को काशी विश्वनाथ मंदिर में चंडी पाठ किया गया तथा मंडल स्थापना एवं पूजा की गई। अंतिम दिन 9 फरवरी को भैरव चंडी यज्ञ की यज्ञ बेदी अग्नि कुंड की स्थापना के बाद अग्नि मंथन कर अग्नि प्रज्वलित की गई इस अग्नि कुंड में भैरव चंडी यज्ञ की आहुतियां डाली गई। यज्ञ के पश्चात कन्या पूजन और प्रसाद वितरण होगा। पश्चात मां नर्मदा का पूजन कर चुनरी अर्पित की जाएगी। काशी विश्वनाथ मंदिर मंडलेश्वर के पुजारी अनिल जागीरदार ने बताया कि मंदिर में स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती टेम्बे स्वामी ने नर्मदा परिक्रमा यात्रा के दौरान दो बार रुककर दो ग्रंथों की रचना की थी।यह उनकी तपोभूमि है। पहली बार स्वामीजी सन 1906 में रुके थे तब उन्होंने वेद पाद स्तुति ग्रन्थ की रचना की थी उसके बाद।1912 के जब वे दूसरी बार नर्मदा परिक्रमा पर आए तब उन्होंने कृष्ण पंच गंगा स्तोत्र ग्रन्थ की रचना की थी।

# सामुदायिक पोषण वाटिका पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

बड़वानी जिले में जी.आई.जेड और सृजन संस्था के तकनीकी सहयोग एवं मनरेगा और आजीविका विभाग के साथ समन्वय कर सामुदायिक पोषण वाटिका कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। शुक्रवार, 7 फरवरी को बड़वानी जिले में सेनु परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक पोषण वाटिका पर आधारित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री एस. एल. पंवार सहायक निदेशक कृषि विभाग, श्री सुरेंद्र मोरे, परियोजना अधिकारी मनरेगा, श्री डी. के. जैन, उद्यानिकी विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़वानी तथा म प्र ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही जिले में कार्यरत स्वंय सेवी संस्थाओं के प्रमुख एवं सामुदायिक पोषण वाटिका में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और सरपंचो की विशेष सक्रिय भागीदारी रही। सर्वप्रथम सृजन संस्था के जिला समन्वयक श्रीमान लक्ष्मण जी जेठानी के द्वारा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तथा आज के कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए, बड़वानी जिले की सामुदायिक पोषण वाटिकाओं में एग्रो इकोलॉजी पर बनी फिल्म दिखाई गई।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक पोषण वाटिका का मुख्य उद्देश्य यह है कि जैविक सब्जियों, फलों, दालों और अनाज का उत्पादन करना तथा उपयोग कर माँ व शिशु के पोषण स्तर को बढ़ाना तथा पोषण की पूर्ति के अतिरिक्त उत्पादन का विक्रय कर समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि करना और आजीविका को बढ़ाना है। तत्पश्चात सभी अतिथियों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा सामुदायिकी पोषण वाटिका से उत्पादित जैविक सब्जियों और फलो कि टोकरियां भेंट स्वरूप प्रदान कि गयी। उसके बाद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्राम पंचायतों के सरपंचों के द्वारा सामुदायिक पोषण वाटिका की तीन वर्षों की यात्रा के अनुभव साँझा किये गए। एवं सामुदायिक पोषण वाटिका से महिलाओं के पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक स्वास्थ्य में आये सकारात्मक बदलावो को साँझा किया गया। मनरेगा के जिला परियोजना अधिकारी श्री सुरेंद्र मोरे ने कहा कि 1 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर निर्मित सामुदायिक पोषण वाटिकाओं से महिलाओं और उनके परिवारों में पोषण स्तर के साथ साथ आय में भी वृद्धि हुई है और महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण भी हुआ है। इस योजना का लाभ लेने से उनके परिवारों का पलायन भी रुका है।

# bollywood

## ममता कुलकर्णी बोलीं

# मेरी अमीषा पटेल से लड़ाई हुई थी

### तुम्हारी औकात क्या है वाले बयान पर कहा- यह सरासर झूठ है



ममता कुलकर्णी और अमीषा पटेल का 1990 के दशक में एक विवाद हुआ था। अमीषा का आरोप था कि विवाद बढ़ जाने के बाद ममता ने उनसे गुस्से में कहा था कि तुम्हारी औकात क्या है। मेरी फीस 15 लाख है और तुम्हारी सिर्फ 1 लाख। अमीषा के इन आरोपों पर अब ममता कुलकर्णी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह सच है कि हमारे बीच लड़ाई हुई थी। लेकिन मैंने औकात वाला बयान नहीं दिया था।

### क्या था पूरा मामला?

हाल ही में ममता कुलकर्णी रजत शर्मा के शो आप की अदालत में पहुंची थीं। शो के होस्ट ने उनसे सवाल किया कि क्या आपके और अमीषा पटेल के बीच लड़ाई हुई थी। इस पर ममता ने कहा, हां, ऐसा हुआ था। हम चार से पांच दिन तक ऐड फिल्म शूट के लिए एक लोकेशन पर थे। एक दिन शूटिंग के बाद रात में खाने के लिए सभी इकट्ठा हुए। खाने के बुफे में सिर्फ एक नॉन वेज डिश थी। लेकिन उस डिश का पूरा नाम नहीं लिखा हुआ था।

- हालांकि फिर भी मैंने वह डिश खाने के लिए ली। जब मैंने उस डिश का एक निवाला खाया तो उसे चबाने में बहुत मुश्किल हो रही थी। मिस्टर बजाज मेरे बगल में बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि यह किस किस्म का नॉन वेज है जिसे चबा नहीं पा रही हूं। उन्होंने बताया कि यह हिरण का मांस है।
- इस पर मैंने कहा कि अगली बार से हर डिश के आगे लेबल जरूर लगाएं, क्योंकि हम आमतौर पर चिकन, मछली या मटन ही खाते हैं। हिरण का मांस कौन खाता है। तभी वहां पर मौजूद अमीषा पटेल ने कहा- इन हीरोइनों के इतने नखरे होते हैं। इन लोगों को हर बात का पहाड़ बनाने की आदत है।
- उस वक्त मैं अमीषा को नहीं जानती थी। वह इंडस्ट्री में नई थी। मैंने सोचा कि वह कौन होती है हमारे बीच में बोलने वाली? मैं उससे बात भी नहीं कर रही थी। मैंने बस उसकी तरफ देखा। लेकिन मेरी सेक्रेटरी ने उससे कहा- तुम कौन होती हो बीच में बोलने वाली?

**औकात वाले बयान पर कहा- यह बात झूठ है**

फिर शो के होस्ट ने ममता से पूछा- इसलिए आपने गुस्से में कहा कि तुम्हारी औकात क्या है? मेरी फीस 15 लाख रुपए है और तुम्हारी 1 लाख रुपए है। इस पर ममता ने कहा, मैंने ऐसा बयान नहीं दिया था। हालांकि यह सच है कि मेरी सेक्रेटरी और अमीषा के बीच थोड़ी बहस जरूर हुई थी।

## लोग कहते थे

# मैं विदेशियों की तरह दिखती हूं

### टूटी नाक के साथ की पहली फिल्म, श्रुति हासन बोलीं- सर्जरी कराई, इसमें गलत क्या








एक्ट्रेस श्रुति हासन अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी नाक की सर्जरी और फिलर्स के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर उन्होंने नाक की सर्जरी कराई है, तो उसमें गलत क्या है?

टूटी हुई नाक के साथ की थी पहली फिल्म

हॉटरफ्लाई के शो द मेल फेमिनिस्ट में श्रुति हासन ने स्वीकार किया कि उन्होंने फिलर्स और नाक की सर्जरी करवाई थी, जो एक चोट के बाद जरूरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में आई थीं, तब उनकी नाक टूटी हुई थी, लेकिन कई लोग इसे बहाना समझ रहे थे। श्रुति ने कहा, 'मैंने अपनी नाक ठीक करवाई थी और यह साफ था कि मैंने सर्जरी करवाई। मेरी नाक पहले टूटी हुई और अलग थी। मैंने अपनी पहली फिल्म बिना सर्जरी के की थी, फिर लोग कहते थे कि मैं डिविएटेड सेप्टम का बहाना बना रही हूं। लेकिन मेरी नाक में वाकई डिविएटेड सेप्टम (नाक के अंदर स्थित सेप्टम का टेढ़ा या मुड़ा हुआ होना) था और वह बहुत दर्द देता था। अगर मैं इसे सुंदर बना सकती थी, तो मैंने बना लिया।'

श्रुति हासन ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने फिलर्स करवाए हैं और यह बताया कि अगर भविष्य में फेसलिफ्ट (अधिक युवा दिखने के लिए चेहरे की सर्जरी) करवाने का सोचें, तो यह पूरी तरह से उनका फैसला होगा। श्रुति हासन की मानें तो यह उनका शरीर है और इस पर उनका हक है। हालांकि, एक्ट्रेस न तो ऐसी सर्जरी को बढ़ावा देती हैं और न ही इसका विरोध करती हैं। उनका मानना है कि हर किसी को वही करना चाहिए जो उनके लिए सही हो। वह चाहती हैं कि लोग उनके व्यक्तिगत फैसलों की आलोचना करने के बजाय उनके काम पर ध्यान दें।

**श्रुति ने 1999 में शुरू किया था फिल्मी करियर**

श्रुति ने 1999 में अपना करियर शुरू किया था। वह साउथ इंडियन सिनेमा की एक मानी जाती एक्ट्रेस हैं। श्रुति ने 'डी-डे', 'रमैया वस्तावैया', 'गब्बर इज बैक', 'वेलकम बैक' और 'रॉकी हैंडसम' जैसी फिल्मों में काम किया है। वह शॉर्ट फिल्म 'देवी' में भी नजर आई थीं।

**विदेशियों की तरह लगता है मेरा फेस- श्रुति**

श्रुति ने यह भी कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह एक हीरोइन की तरह नहीं दिखतीं। लोग उनके बारे में कहते थे, श्रुति का चेहरा विदेशियों की तरह दिखता है, उसके पास टैलेंट तो है, लेकिन वह इंडियन की तरह नहीं लगती। हालांकि, जब उन्होंने फिल्में करनी शुरू की, तो उन्हें एक गांव की लड़की का किरदार ज्यादा मिला।

## सलमान ने भतीजे को ब्रेकअप से उबरने की सलाह दी

# बोले- गर्लफ्रेंड धोखा दे तो उसे जाने देना चाहिए

### रोकर मन को हल्का करना बेहतर





सलमान खान ने हाल ही में भतीजे अरहान को ब्रेकअप से डील करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ब्रेकअप के दुख में लंबे समय तक नहीं रहना चाहिए। बल्कि रोकर इससे आगे बढ़ जाना चाहिए।

हाल ही में सलमान पहली बार भतीजे अरहान के पॉडकास्ट में दिखे। यहां उन्होंने कहा, अगर आपकी गर्लफ्रेंड ने आपसे ब्रेकअप कर लिया है तो भी उसे जाने दो। इन चीजों से जल्दी निकल जाना चाहिए। इसके लिए एक कमरे में अंदर जाएं, अच्छे से रोएं और मैटर को खत्म कर दें। बाहर आएं और लोगों से कहें- क्या हो रहा है? सब कैसा चल रहा है?


### सलमान ने धोखे से निपटने की सलाह भी दी

बातचीत के दौरान सलमान ने धोखे से निपटने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा, एक रिश्ते में शामिल हो जाओ, चाहे आप कितना भी समय बिताओ। आप 40-50 साल बिता सकते हैं और आपको एहसास होता है कि मेरी पीठ में छुरा घोंपा गया है। लेकिन यह एहसास होते ही उस रिश्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए। फिर खुद को पहले जैसे कंडीशन में ढाल लेना चाहिए। यह मेरे साथ अभी हुआ है। लेकिन मैंने अपने मन को यह समझा लिया है कि यह मेरे साथ 6 महीने पहले हुआ था, इसलिए दर्द बहुत कम है।

### सलमान बोले- गलती को दोहराना गलत है

सलमान ने आगे कहा, हालांकि ऐसा कोई आदमी पैदा नहीं हुआ है, जिसने गलती न की हो। गलतियां होती ही हैं। लेकिन गलती को रिपीट करना ज्यादा गलत है। फिर इस तरह के शख्स से दूर रहना बेहतर है। वहीं, जब आपको एहसास हो कि आपने गलती की है, तो आपको तुरंत माफी मांग लेनी चाहिए।

# वेव्स सलाहकार बोर्ड : शामिल हुए अनिल, अनुपम और चिरंजीवी, जताया पीएम मोदी का आभार









प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बोर्ड में कई हस्तियां शामिल हुईं। अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी का आभार जताया। अभिनेता अनिल कपूर ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और इस अविश्वसनीय पहल में योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हमने साथी सदस्यों के साथ चर्चा की और हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को अद्भुत पहल बताते हुए एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कि उन्होंने मुझे वेव्स के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने का शानदार अवसर दिया। यह एक अद्भुत पहल है। यह निश्चित रूप से भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएगा। आपके विचारों को सुनना और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों की भागीदारी एक स्पष्ट संकेत है कि भारत कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मनोरंजन और सांस्कृतिक क्षेत्र का दावोस बन जाएगा!

अभिनेता चिरंजीवी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। वेव्स (विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ अपनी राय शेयर करना वास्तव में सौभाग्य की बात थी। मुझे कोई संदेह नहीं है कि मोदी जी का वेव्स को लेकर विचार भारत की सॉफ्ट पावर को दुनिया में ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सभी उत्साह और बहुत जल्द नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार रहें! प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कई हस्तियों के साथ वर्चुअल बातचीत की, जो वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वेव्स एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाता है।

वेव्स 2025 का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय कर रहा है। 5 से 9 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में मंत्रालय क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1 भी शुरू कर रहा है। पीएम मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड में शामिल अनुपम खेर, अनिल कपूर, अमिताभ बच्चन, दिलजीत दोसांझ, रजनीकांत, शाहरुख खान, रणबीर कपूर, चिरंजीवी, अक्षय कुमार, संगीतकार एआर रहमान जैसे कलाकारों के साथ चर्चा की।

# रास्तों में फंसे हैं मालवाहक, दूध से दवा तक का संकट

**रणजीत टाइम्स**



प्रयागराज आने वाली हर सड़क पर भारी जाम के कारण शहर की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है जिसका असर जहां एक ओर कारोबार पर पड़ रहा है वहीं शहरियों के सामने आवश्यक वस्तुओं का संकट खड़ा होने लगा है। इस वजह से व्यापारी और आम नागरिक दोनों ही परेशान हैं। रविवार सुबह दूध की गाड़ियां जाम में फंसी गईं जिससे प्रयागराज से लेकर महाकुम्भ नगरी तक दूध की आपूर्ति बाधित हो गई। बाजारों में राशन और जनरल स्टोर पर रोजमर्रा की चीजें भी नहीं मिल रही हैं। चॉकलेट, आटा, मैदा, चीनी समेत तमाम दैनिक उपभोग की वस्तुएं बाजार में कम हो गई हैं। हिन्दुस्तान ने इसकी पड़ताल की पता चला कि एक हफ्ते से व्यापारियों की गाड़ियां शहर में प्रवेश नहीं कर पा रही है। गोदाम खाली हो चुके हैं।

रविवार को प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में दूध की गाड़ियां नहीं पहुंच पाईं, जिससे शहर से लेकर महाकुम्भ नगरी तक दूध की भारी कमी हो गई। केवल एक निजी कंपनी ही आपूर्ति कर पाई, जबकि बाकी दुकानों पर जो स्टॉक उपलब्ध था, उसे ही बेचा गया। प्रयागराज में ज्ञान, अमूल, मदर डेयरी, पराग, नमस्ते इंडिया आदि कंपनियां दूध आपूर्ति करती हैं। इनमें लखनऊ, वाराणसी और रायबरेली में स्थिति प्लांट से दूध आता है। लखनऊ और रायबरेली से आने वाली गाड़ियां फाफामऊ तक आती हैं। वहां से छोटी गाड़ियों से दूध की शहर में सप्लाई होती है लेकिन रविवार को गाड़ियां नवाबगंज में फंसी रहीं। राजापुर के व्यापारी पीके केसरवानी ने बताया कि दूध न आने से लोग परेशान हो गए। सुबह से फोन कर-के पूछ रहे हैं।

दवा की ट्रकें भी जाम में फंसीं जाम के कारण दवा कारोबारी भी परेशान हैं। इलाहाबाद केमिस्ट ड्रग एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह ने बताया कि 25 जनवरी की रात से समस्या बनी है। बीच में पुलिस ने कुछ गाड़ियां आने दी थीं लेकिन बाद में फिर रोक दी। जानसेनगंज से आगे माल नहीं आ रहा है। बनारस, कानपुर और लखनऊ से दवाएं आती हैं लेकिन जाम के कारण तीनों जगहों से माल की डिलेवरी नहीं हो पा रही है। इस समय खांसी और एलर्जी की दवाओं की मांग बढ़ी है।

शहर में जाम के कारण मवेशियों के लिए भूसा नहीं पहुंच पा रहा है। गोदाम तक पहुंच जा रहा लेकिन वहां से मोहल्लों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा समस्या दारागंज में है। दारागंज में भूसा की सात दुकानें हैं। यहां पर करीब ढाई से तीन हजार मवेशी हैं। दुकानदार केदारनाथ ने बताया कि ट्रक से माल रामबाग तक आ गया है। लेकिन वहां से नहीं आ पा रहा है। पुलिस बालसन चौराहा पर रोक दे रही है। फ्लाईओवर से भी गाड़ियां नहीं आने दे रहे हैं। चार दिन से संकट बना हुआ है।

## यूसीसी के लिए धामी का किया सम्मान

**महाकुम्भ नगर।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर संतों ने रविवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने संतों को धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि यूसीसी लागू करना, विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाना है।

गंगेश्वर मार्ग स्थित आचार्य शिविर में आयोजित ह्रासमानता के साथ समरसताह्र कार्यक्रम में देशभर से आए संतों ने उत्तराखंड में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने पर मुख्यमंत्री का फूल मालाओं के साथ सम्मान और अभिनंदन किया। सीएम धामी ने कहा कि संतों द्वारा किया गया सम्मान उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में किसी भी धर्म, जाति के रहने वाले लोगों के लिए अब समान कानून हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद के कारण ही हम उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता न्याय और समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

## काशी रवाना हुए जूना अखाड़े के संत-महात्मा

**रणजीत टाइम्स**

जूना अखाड़ा के श्रीमहंत हरि गिरि के नेतृत्व में रविवार को प्रयागराज के रामापुरा से संत-महात्मा व नागा संन्यासी काशी के लिए रवाना हो गए। जहां बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे और साधु-संतों का आशीर्वाद लिया।

अखाड़े के संत-महात्मा काशी में 40 दिनों तक प्रवास करेंगे। जहां 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन व अभिषेक करेंगे। काशी में होली पर्व मनाने के बाद संत अपने-अपने मठ-मंदिरों में चले जाएंगे।अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि, दूधेश्वर पीठाधीश्वर व अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि, श्रीमहंत मोहन भारती, श्रीमहंत केदारपुरी सहित हजारों संत-महात्मा हाथी, घोड़ा, के साथ काशी के लिए निकले।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को जयपुर लौट गए। उससे पहले उन्होंने राजस्थान मंडपम शिविर के बाहर श्रद्धालुओं को भंडारा में भोजन वितरित किया। उन्होंने दाती महाराज, सुनील भराला आदि से मुलाकात की।

## राष्ट्रपति आज संगम में करेंगी पावन स्नान

**रणजीत टाइम्स**



देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को प्रयागराज में आठ घंटे से अधिक समय रहेंगी। इस दौरान संगम स्नान के साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। बड़े हनुमान मंदिर के पास बने डिजिटल अनुभूति केंद्र में भी जाएंगी। राष्ट्रपति की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति का विमान सुबह 9:20 बजे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेगा जहां से वह हेलीकॉप्टर से 9:50 बजे डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगी। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री स्वागत करेंगे और उसके बाद वह बांध रोड होते हुए सड़क मार्ग से अरैल घाट पहुंचेंगी। अरैल से फ्लोटिंग जेटी से वह 10:30 बजे संगम पहुंचेंगी जहां 11:50 तक स्नान और पूजन-अर्चन का कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति मुर्मु संगम से किला घाट और वहां से अक्षयवट दर्शन के लिए 12:25 बजे पहुंचेंगी। वहां से 1:05 बजे वह बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

फिर लगभग पौने दो बजे सेक्टर तीन स्थित यमुना संकुल पहुंचेंगी। वहां तकरीबन दो घंटे रुकने के बाद डिजिटल अनुभूति केंद्र जाएंगी जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। वहां से सीधे किलाघाट होते हुए अरैल घाट और फिर पांच बजे डीपीएस डीपीएस हेलीपैड पर आगमन होगा। 5:40 पर वह बमरौली एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। इससे पहले 2019 के कुम्भ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

## सिक्किम के सीएम ने लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग रविवार को संगम में डुबकी लगाकर अभिभूत हो उठे। स्नान के बाद अपने एक्स एकाउंट पर उन्होंने पोस्ट किया- पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना एक बहुत बड़ा परिवर्तनकारी अनुभव था, जिसने मुझे शांति और आध्यात्मिक उत्थान से भर दिया। इस भव्य समागम की दिव्य ऊर्जा, लाखों लोगों को आस्था और भक्ति में एकजुट करती है, सच में विनम्र करने वाली थी। इस पवित्र यात्रा के दौरान मिले समर्थन और आतिथ्य के लिए आभारी हूं। पवित्र नदियों का आशीर्वाद हम सभी को धार्मिकता, शांति और सद्भाव के मार्ग पर ले जाए।

## सनातन से प्रभावित विदेशियों ने ली दीक्षा

**महाकुम्भ नगर।** शक्तिधाम में रविवार को जगद्गुरु साईं मां लक्ष्मी देवी के तीन विदेशी शिष्यों ने सनातन से प्रभावित होकर संन्यास की राह पकड़ी। सेक्टर 17 स्थित शिविर में साईं मां ने आयरलैंड के डेविड पैट्रिक ओग्रेडी, अमेरिका के जॉन डेविड मिलर व जापान की रेइको ह्योदो को मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मचर्य की दीक्षा दिलाई। साथ ही सनातन धर्म में आने पर रेइको का नाम रेणुका मां, डेविड का देवेश्वर दास और डेविड मिलर का देवेंद्र दास रखा गया।

## महाकुम्भ में विहिप ने किया मंदिर मुक्ति आंदोलन का शंखनाद

**रणजीत टाइम्स**

महाकुम्भ के सेक्टर 18 ओल्ड जीटी रोड झूंसी स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर में चल रही तीन दिनी केंद्रीय प्रबंध समिति एवं प्रन्यासी मंडल की बैठक मंदिर मुक्ति आंदोलन के शंखनाद के साथ रविवार को समाप्त हुई। विहिप ने संकल्प लिया है कि अब किसी भी स्थिति में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिला कर ही रहेंगे। बैठक में उपस्थित देश-विदेश के 950 प्रतिनिधियों ने मिलकर एक बड़ी रणनीति भी बनाई है।

> हिंदू समाज को मंदिर सौंपने के लिए राज्य सरकारों को दिया जाएगा ज्ञापन

विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से कहा कि मंदिर मुक्ति आंदोलन के प्रथम चरण में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग करेंगे कि सरकारें हिंदू मंदिरों को वापस हिंदू समाज को सौंपें। उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बड़ी जनसभाएं कर इस संबंध में अपनी मांग बुलंद करेंगे।

आंदोलन के दूसरे चरण में प्रत्येक राज्य की राजधानी व महानगरों में वहां के बुद्धजीवी समाज की सभाएं कर इसके लिए व्यापक जनसमर्थन जुटाएंगे। जिन राज्यों में यह समस्या ज्यादा विकट है, वहां आगामी विधानसभा सत्र के दौरान हमारे कार्यकर्ता विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों से मिलकर वहां के राजनीतिक दलों पर मंदिरों की मुक्ति के लिए दबाव बनाएंगे।

## कुम्भ भगदड़ जनहित याचिका दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में महाकुम्भ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ में लापता लोगों का विवरण एकत्र करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति गठित करने की मांग में जनहित याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका सुरेश चंद्र पांडेय ने दाखिल की है। याचिका में भगदड़ में कई लोगों की मौत और घायल होने के मामले में न्यायिक निगरानी समिति गठित करने की मांग की गई है। साथ ही समिति के बारे में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का निर्देश दिया जाए ताकि लोग समिति को जानकारी दे सकें। इसके साथ ही सीएमओ कुम्भ मेला और सीएमओ प्रयागराज को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाए।

## धोबी घाट पर सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**प्रयागराज।** धोबी घाट चौराहे पर रविवार सुबह करीब 1130 बजे दूध वाहन ने स्कूटी सवार 48 वर्षीय विनय जायसवाल को चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। चालक घटनास्थल पर वाहन छोड़कर भाग निकला। कटरा के रहने वाले विनय जायसवाल रविवार सुबह स्कूटी पर सवार होकर घर से सिविल लाइंस किसी काम से निकले। अभी वह धोबी घाट चौराहे पर पहुंचे ही थे कि पीछे से तीव्र गति से आए एक दूध वाहन ने उनको पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। यही नहीं, स्कूटी ट्रक के बंपर में फंस गई। लेकिन चालक ने वाहन को नहीं रोका, जिससे कुछ दूर तक वह सड़क पर घसीटते चले गए।

## 35 हजार में बिना पैदल चले संगम में लगा रहे डुबकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज पहुंचने के बाद संगम में डुबकी लगाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन एक सुविधा ऐसी भी है जिससे बिना पैदल चले संगम तक पहुंच सकते हैं। जी हां, महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए 35 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से विशेष हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड और फ्लाई ओला के सहयोग से शुरू की गई इस सेवा के तहत श्रद्धालुओं को संगम में डुबकी लगाना आसान हो गया है। खासतौर पर बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। इसकी बुकिंग भी एडवांस चल रही है। यह हेलीकॉप्टर सेवा प्रयागराज एयरपोर्ट से शुरू की गई है। यहां पर 35 हजार रुपये में एक व्यक्ति की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं को एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से बोट क्लब हेलीपैड तक लाया जाता है। वहां से उन्हें बोट के माध्यम से संगम तक ले जाया जाता है, जहां वे आस्था की डुबकी लगाते हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु उसी बोट से हेलीपैड लौटते और फिर हेलीकॉप्टर से वापस एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं। फ्लाई ओला ग्रुप के सीईओ कैप्टन आरएस सहगल ने बताया कि करीब 15 दिन पहले यह सेवा उन श्रद्धालुओं के लिए शुरू की गई है, जिनके लिए कुम्भ में आना सिर्फ एक सपना था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )